सुनले गौरा दुलारे | by Hari Pujani

गणपति गणपति गणपति मिलके कहते हैं सारे
प्रथम तुमको मनाएं सुनले गौरा दुलारे
गणपति बप्पा मोरिया .....

तुम हो देवों के देवा कहता वेदों का लेखा
आज शुभ दिन मिला है चमकी किस्मत की रेखा
बिगड़े काज सँवारे सबके कष्ट निवारे
प्रथम तुमको मनाएं सुनले गौरा दुलारे
गणपति बप्पा मोरिया .....

गौरा सुत दु:ख विनाशक तुम हो भूत गणाधि
रिद्धि सिद्धि के दाता क्या कहूं इत्यादि
माथे चंदा तुम्हारे चमके चमका मारे
प्रथम तुमको मनाएं सुनले गौरा दुलारे
गणपति बप्पा मोरिया .....

आज श्रद्धा सुमन मन गुल से चुन चुन के लाऊँ
बीच सभा में ना बेथुन मगन हो इस धुन में गाउन
कहती हैं ये बहारें और अम्बर के तारे
प्रथम तुमको मनाएं सुनले गौरा दुलारे
गणपति बप्पा मोरिया .....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a5%81%e0%a4%a8%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%97%e0%a5%8c%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a5%81%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%87-by-hari-pujani/